मुख्यमंत्री ने हेक्सावेयर टेक्नोलॉजी के कार्यालय का किया शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

15 अक्तूबर, 2023 को दून बिज़िनेस पार्क, ट्रांसपोर्ट नगर देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेक्सावेयर टेक्नोलॉजी के स्थानीय कार्यालय का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में टेक्नोलॉजी के साथ व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हेक्सावेयर टेक्नोलॉजी का यह कार्यालय आईटी सेवाओं के विस्तार में मील का पत्थर साबित होगा।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश तेज़ी से प्रगति कर रहा है। यह क्षेत्र सशक्तिकरण का माध्यम बन रहा है और लोगों को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने में महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहा है। नया भारत, टेक्नोलॉजी का न सिर्फ कंज्यूमर है, बल्कि टेक्नोलॉजी के विकास में और उसके क्रियान्वयन में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है।
- 2जी, 3जी, 4जी के समय भारत टेक्नोलॉजी के लिये दूसरे देशों पर निर्भर रहा, लेकिन 5जी के साथ ही भारत ने नया इतिहास रच दिया है। 5जी के साथ भारत पहली बार टेलीकॉम टेक्नोलॉजी में ग्लोबल स्टैंडर्ड तय कर रहा है। भारत में डिजिटलाइजेशन तेज़ी से हो रहा है।
- डिजिटल भारत देश के विकास के विस्तृत विज़न का एक महत्त्वपूर्ण अंग है। इस विज़न का लक्ष्य है- उस टेक्नोलॉजी को आम लोगों तक पहुँचाना, जो लोगों के लिये काम करे, लोगों के साथ जुड़कर काम करे।
- उन्होंने कहा कि आज छोटे व्यापारी, छोटे उद्यमी, कारीगर, सबको डिजिटल भारत ने एक मंच प्रदान किया है, एक बाज़ार उपलब्ध कराया है। बाज़ार में, मंडियों में रेहड़ी-पटरी में कार्य कर रहे लोग, सब यूपीआई का इस्तेमाल कर रहे हैं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-inaugurated-the-office-of-hexaware-technology